अंशु और ललित को मिला जन्मजात विकृति से छुटकारा

भीलवाड़ा। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ने एक बार फिर अपनी उपयोगिता सिद्ध करते हुए जिले के दो बच्चों- अंशु कुमावत पुत्र ओम प्रकाश, निवासी भीमडियास, माण्डल और कंवलियास के ललित पुत्र राकेश को नई ज़िंदगी की सौगात दी है। ये दोनों बच्चे कटे होट व कटे तालु की जन्मजात विकृतियों से पीड़ित थे और अभिभावकों के लिए इनका इलाज संभव नहीं था। लेकिन सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना के तहत दोनों बच्चों को अभिषेक हॉस्पिटल, जयपुर भेजा गया, जहाँ उनका निशुल्क ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। अंशु और ललित के माता-पिता ने बताया कि उनके बच्चों को जन्म से ही शारीरिक विकृतियाँ थीं, लेकिन जब स्वास्थ्य विभाग की आरबीएसके टीम ने स्क्रीनिंग के दौरान बीमारी पहचानी, तो उन्हें उम्मीद की एक किरण दिखाई दी। योजना के अंतर्गत यात्रा, जांच, ऑपरेशन निःशुल्क प्रदान की गईं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी के अनुसार आरबीएसके योजना के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों में जन्मजात बीमारियों की शीघ्र पहचान कर निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। जन्मजात विकृति से ठासित अंशु कुमावत व ललित इन दोनों बच्चों के ऑपरेशन सफल रहे और अब वे सामान्य जीवन की ओर अठासर हैं। बच्चों की मुस्कान और परिवार की आंखों में छलकता आभार इस योजना की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है। यह योजना न केवल स्वास्थ्य सुधार का माध्यम बन रही है, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए वरदान भी साबित हो रही है। बच्चों के परिजनों ने सरकार की आरबीएसके योजना के प्रति आभार जताया और कहा कि समय रहते यदि यह सहायता नहीं मिलती, तो इतनी बड़ी सर्जरी करवाना उनके लिए संभव नहीं था।

प्रधान डाकघर में हुआ आई.टी.-2.0 का शुभारम्भ

■ डाकघरों का माइठाशन नवीन विभागीय सॉफटवेयर आई टी-20 में सफलतापूर्वक किया

ब्यावर (निसं) ब्यावर मण्डल के अधीन ब्यावर प्रधान डाकघर एवं प्रधान बाकार के अधीन समस्त उपडाकघरों एवं शाखा डाकघरों का माइग्रशन नवीन विभागीय सॉफटवेयर आई टी-20 में सफलतापूर्वक किया गया। यह भारतीय डाक विभाग द्वारा विकसित एक नवीनतम विभागीय सांप टवेयर है। आई. टी-20 सॉफ्टवेयर को सर्वप्रथम पॉयलेट फेस में लागू करने हेतु सम्पूर्ण राजस्थान सर्पिल में स्थित तीन रीजन में से प्रत्येक रीजन में से एक प्रधान डाकघर का चयन किया गया। जिसके अजमेत अजमेर रीजन में ब्यावर प्रधान डाकघर का चयन किया गया।

नवीन सॉफ्टवेयर के लागू होने से रियल टाइम डाटा सिंकॉनाइज होगा, विभाग द्वारा बुक्रिस एवं वितरण हेतु प्राप्त पत्रों का रियल टाइम डाटा फेच होगा, इसकी गति भी तीव्र होगी जिससे कि विभागीय कार्यों का सम्पादन तीव्रता से होगा। साथ ही सर्वर डाउन सम्बन्धी समस्याओं का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। यह सॉफ्टवेयर पूर्णतया वेब बेस सॉफ्टवेयर है। आम जन डाक सेवा एप के माध्यम से विभागीय सेवाओं का लाभ भी उठा पाऐंगे। साथ ही विदेश हेतु बुक कराये गये आर्टिकल्स का कस्टम बिलबरन्स भी सुगमता से होगा। उल्लेखनीय है कि इस सॉटेवेयर को भारतीय डाक विभाग की तकीनीकी विग द्वारा विकसित किया गया है जो कि उन्नत तकनीक से लेस सॉफ्टवेयर है।

आज इस नवीनतम आई.टी-20 सॉफ्टवेयर का शुभारम्भ श बी.एल. सोनल, पोस्टमास्टर जनरल, राजस्थान दक्षिणी क्षेत्र, अजमेर के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कमलेश प्रजापत, अधीक्षक डाकघर, ब्यावर मण्डल एवं घनश्याम कलवानी की निरीक्षक प्रौद्योगिकी, क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर की भी विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रथम ठाहक के रूप में सुमन कुमार जन प्रो में. वसुन्धरा इन्डस्ट्रीज, ब्यावर उपस्थित रहे जिनका एकआर्टिकल जो कि थाइलैण्ड भेजा जाना था बुक किया गया जिसकी रसीद उन्हे पोस्टमास्टर जनरल महोदय द्वारा प्रदान की गई।

इनके अतिरिक्त बाबूलाल मीणा, सहायक अधीक्षक डाकघर मुख्यालय, भूर सिंह मीना सहायक अधीक्षक डाकघर, ब्यावर उपखण्ड, मुकेश गुसाईवाल, स्टेनो, सी.पी. पारीक नरेश कुमावत, मीनाक्षी जिन्दल, भावना जांगिड, विकास प्रजापति सहित व्यावर प्रधान डाकघर एवं मण्डल कार्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

शास्त्री नगर विकास समिति ने किया पौधारोपण

अजमेर, (कासं)। शास्त्री नगर विस्तार स्थित पार्क नंबर 4 में शास्त्री नगर विस्तार विकास समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप सिंह अहलूवालिया के सानिध्य में पौधारोपण का कार्य किया गया।

विकास समिति के नवनियुक्त मीडिया प्रभारी डॉ एस डी मिश्रा ने बताया की पार्क नंबर 4 में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाएं, जिसमें अशोक, विल्व पत्र, नीम, शैलम गुलमोहर आदि के मुख्य पौधे लगाए है। इस मौके पर विकास समिति एवं मंदिर समिति के पदाधिकारियों अध्यक्ष अहलूवालिया सहित सचिव के आर दिवाकर , संदीप तंवर, राजेश दाधीच, दिनेश सोनी, मुरलीधर, मुकुल कश्यप, संजीव चतुर्वेदी, सरिता आदि गणमान्य लोगों ने पौधे रोपण का कार्य किया। डॉ.मिश्रा ने बताया कि वर्षा ऋतु में समिति द्वारा 300 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है।

पुरूषार्थी का जीवन मंगलमय होता है-उपप्रवर्तिनी डॉ. राजमती

अजमेर, (कासं)। मणिपुंज सेवा संस्थान में चल रहे चार्तुमास हेतु विराजित महाश्रमणी गुरूमाता महासती पुष्पवती (माताजी) आदि ठाणा 7 की शुभ ने श्राय में गुरू भक्तों द्वारा धार्मिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया जा रहा है।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपप्रवर्तिनी सदगुरुवर्या डॉ. राजमती ने कहा, पुरुषार्थ सबसे बड़ा देवता है। व्यक्ति श्रद्धा के साथ पुरुषार्थ करता जाए तो देवता उसकी सेवा में रहते है। अहिंसा, सत्य और शील की साधना में पुरुषार्थ करना चाहिए। सत्य बोलने वाले को वचन सिद्धि प्राप्त होती है और सत्य धर्म के आराधन करने वाले की सेवा में देवता हाजिर रहते हैं। शीलव्रत का पालन करने वाले हर स्थान पर सम्मान प्राप्त करते है। वीतरागी देव ही हमारे आराध्य है। देव, गुरू, धर्म के प्रति दृढ़ आस्था रखें और अनमोल जिनवाणी सुनकर अपने आचरण में सुधार लाने का पुरूषार्थ करना चाहिए। पुरूषार्थ रूपी चाबी से भाग्य के दरवाजों पर लगे सभी ताले खुल जाते हैं। पुरूषार्थी के हाथों ही परोपकार के कार्य संभव होते हैं। पुरूषार्थ जब प्रखर हो जाता तो लक्ष्मी इंसान के कर कमलों में बैठकर उस पर धन बरसाती है, सरस्वती प्रज्ञा में निवास करती है और दुर्गा उसके रोम रोम में शक्ति बनकर समा जाती है। पुरूषार्थी का जीवन मंगलमय होता है।

साध्वी डॉ. राजरश्मि ने कहा कि दुर्जन की संगति करने से सज्जन का भी महत्व गिर जाता है, जैसे कि बहुमूल्य माला मुर्दे पर डाल देने से वह निकम्मी हो जाती है। इसके विपरीत साधु पुरूषों का समागम मन से संताप को दूर करता है, आनन्द में वृद्धि करता है और चित्तवृत्ति को संतोष देता है। संगति का प्रभाव अचिंत्य होता है। हमेशा सज्जनों के संपर्क में रहना चाहिए।

साध्वी राजकीर्ति ने इसी धर्म सभा में कहा कि किए हुए कर्मों का भुगतान किए बिना आत्मा की मुक्ति नहीं। तप से काम वासना पर विजय पायी जा सकती है। निकाचित कर्मों को तो समभाव पूर्वक सहन ही करना पड़ता है। कर्म करने से पहले व्यक्ति स्वतंत्र होता है लेकिन करने के बाद बन्ध जाता है, अतरू विवेक से यतना पूर्वक कर्म करना चाहिए ताकि कर्म बन्धन कम से कम हो और आत्मा हल्का होकर भव सागर से पार हो सकता है।

विमल चन्द कावडिया ने जानकारी दी कि बुधवार को चतुर्दशी के पावन प्रसंग पर चातुर्मासिक प्रवचन, स्वाध्याय, धार्मिक अध्ययन, नवकार महामंत्र जाप इत्यादि सभी सुचारू रूप से गतिमान होंगे। इसके साथ ही साध्वी राजकीर्ति के जन्म दिवस पर लक्की ड्रॉ का आयोजन होगा।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भिड़े अजमेर

अजमेर, 08 जुलाई (कासं)। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी के अजमेर शाखा द्वारा 9 जुलाई को शाम 5:30 बजे से सूचना केंद्र के भूतल पर स्थित आर्ट गैलरी में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

नगर प्रमुख अंकुर प्रजापति ने बताया कि इस अवसर पर विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पद्मश्री से सम्मानित निवेदिता रघुनाथ भिड़े का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इस अवसर पर गुरु स्तोत्र के पठन के साथ ही गुरु भजन भी आयोजित होंगे।कार्यक्रम का समापन ओमकार ध्यान के साथ होगा।

10,000 व प्रशस्ति पत्र

ब्यावर (निसं) राज्य सरकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर सहायता कर अस्पताल पहुँचाने वाले गुड सेमेरिटन (भले नागरिकों) को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना का क्रियान्वयन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान द्वारा किया जा रहा है।योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को समय रहते अस्पताल पहुँचाने वाले भले व्यक्ति को 10,000 की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। घायल की गंभीरता के अनुसार सहायता की श्रेणी निर्धारित की गई है। यह सहायता स्वेच्छा से और बिना किसी मुआवजे की अपेक्षा के की गई मदद के लिए दी जाएगी। गुड सेमेरिटन कौन है?गुड सेमेरिटन वह नागरिक होता है जो सद्भावनापूर्वक, निःस्वार्थ भाव से और बिना किसी व्यक्तिगत लाभ की इच्छा के सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुँचाता है, प्राथमिक सहायता देता है या पुलिस/आपातकालीन सेवाओं को सूचित करता है।

योजना की प्रमुख विशेषताएं: गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुँचाने वाले भले व्यक्ति को 10,000 व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। सामान्य घायल को अस्पताल पहुँचाने पर केवल प्रशस्ति पत्र मिलेगा।

जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

कोटा, (निसं)। पिछले 9 महीने से जिला परिषद की साधारण बैठक नहीं होने के विरोध में जिला परिषद सदस्यों ने गीता मेघवाल के नेतृत्व में नवनियुक्त जिला कलेक्टर पीयूष सांवरिया को बधाई देते हुए ज्ञापन सौंपा है। जिला परिषद सदस्य गीता मेघवाल ने बताया कि 9 माह से जिला परिषद की साधारण बैठक नहीं होने से गांव में जनता के विकास के कार्य नहीं हो पाए है उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सदस्यों को 2 वर्षों से कोई बजट राशि उनके वार्डो में नहीं दी जा रही है तथा जिला परिषद में तकनीकी अधिकारी नहीं होने से भ्रष्टाचार करके सीधे सरपंचों से मिली भगत करके कार्य उनको दिए जा रहे हैं। इसी के विरोध को लेकर कांग्रेस के सदस्यों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर मांग की है की कांग्रेस सदस्यों के वार्डों में विकास हेतु बजट दिया जाए भेदभाव नहीं किया जाए और 15 दिवस में बजट जारी नहीं किया जाता है तो कांग्रेस के सदस्य सामूहिक रूप से अपना इस्तीफा ज्ञापन सौंप ।

शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा

■ संगठन 4 लाख शिक्षकों और शिक्षाधिकारियों का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें अध्यापक से लेकर अतिरिक्त निदेशक तक तथा शारीरिक शिक्षा, पुस्तकालयाध्यक्ष, प्रयोगशाला सहायक, कंप्यूटर अनुदेशक इत्यादि संवर्गों के कार्मिक व अधिकारी भी सम्मिलित हैं, इस पत्र के माध्यम से राज्यभर में सेवारत शिक्षकों और शिक्षाधिकारियों की भावनाओं को प्रस्तुत किया है।

अजमेर, (कासं)। शिक्षा विभाग में कार्यविभाजन को तार्किक बनाने, शिक्षकों एवं शिक्षाधिकारियों की वरीयता सुनिश्चित करने एवं सुस्थापित व्यवस्था को बनाए रखने के लिए राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को सचिवालय में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से भेंट कर ज्ञापन सौंपा।

महामंत्री महेंद्र लखारा ने बताया की उनका संगठन 4 लाख शिक्षकों और शिक्षाधिकारियों का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें अध्यापक से लेकर अतिरिक्त निदेशक तक तथा शारीरिक शिक्षा, पुस्तकालयाध्यक्ष, प्रयोगशाला सहायक, कंप्यूटर अनुदेशक इत्यादि संवर्गों के कार्मिक व अधिकारी भी सम्मिलित हैं, इस पत्र के माध्यम से राज्यभर में सेवारत शिक्षकों और शिक्षाधिकारियों की भावनाओं को प्रस्तुत किया है।

प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद पुष्करणा ने बताया कि शिक्षा निदेशालय में अनुभाग अधिकारी के रूप में सहायक निदेशक तथा ब्लॉक, जिला, एवं संभाग स्तर के अधीनस्थ कार्यालयों में सहायक निदेशक, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी, उप जिला शिक्षा अधिकारी (शाशि) जैसे पदों पर शिक्षाधिकारी विभागीय नियमानुसार पदस्थापित हैं। अन्य राज्यों में भी शिक्षक और शिक्षाधिकारी समान व्यवस्था के तहत विभागीय कार्यालयों में नियुक्त किए जाते हैं। साथ ही, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय जैसे प्रतिनिधि शैक्षिक संगठनों में भी शिक्षाधिकारी उच्च कार्यालयों में निर्णायक भूमिकाओं में कार्यरत हैं।

वर्षों से सुस्थापित इस व्यवस्था के बावजूद, मंत्रालयिक संवर्ग के संगठनों के चंद पदाधिकारी, शिक्षकों और शिक्षाधिकारियों को दरकिनार कर उच्च अधिकारियों को सीधे पत्रावली संचालन की मांग करते हैं। पूर्व में तत्कालीन निदेशक द्वारा लिपिक वर्ग की मांग के अनुरूप एकपक्षीय निर्णय कर कार्य विभाजन लागू किया गया था जो मंत्रालयिक संवर्ग के वरिष्ठतम पदों में असंगत वृद्धि एवं अन्य कारणों से अप्रासंगिक और अतार्किक हो चुका है। शासन द्वारा प्रसंगोक्त पत्र के माध्यम से इसे अपास्त करने तथा नए सिरे से तार्किक कार्य विभाजन का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) इस शासकीय निर्णय का पूर्ण समर्थन करता है।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने उक्त ज्ञापन पर सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष रमेश चंद पुष्करणा, महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य एवं अतिरिक्त महामंत्री बसन्त जिन्दल उपस्थित थे।

''ऑल फाइनेंस यूनियन'' का गठन

भीलवाड़ा। गजाधर मानसिंह धर्मशाला में फाइनेंस यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें फाइनेंस सेक्टर से जुड़े पेशेवरों के हितों की रक्षा और सहायता के लिए एक नए संगठन ''ऑल फाइनेंस यूनियन'' का सर्वसम्मति से गठन किया गया।

मीडिया प्रभारी किशन सुवालका ने बताया कि इस संगठन का प्राथमिक उद्देश्य फाइनेंस सेक्टर से जुड़े लोगों के हितों की सुरक्षा एवं सहायता करना होगा, जिसमें वर्तमान में कलेक्शन/सेल्स से संबंधित आ रही परेशानियों को प्राथमिकता दी जाएगी। संगठन से जुड़े प्रत्येक सदस्य को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। बैठक में नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया, जिसमें संरक्षक पद पर भगवान शर्मा, उपाध्यक्ष पद पर राजेश सेन, मंत्री पद पर रूपेन्द्र नायर, सचिव पद पर अंकुश तिवाड़ी, कोषाध्यक्ष पद पर सौरभ सोमानी एवं मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता पद पर किशन सुवालका को नियुक्त किया गया।

फुलवारी बनेंगे सहायक लीडर ट्रेनर

ब्यावर (निसं) राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला ब्यावर से सुरेश चन्द फुलवारी, सहायक लीडर ट्रेनर कोर्स में लेंगे भाग।स्थानीय संघ जवाजा के प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर ताराचंद जांगिड़ ने बताया कि ब्यावर जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपनगर अरनाली के स्काउटर सुरेश चन्द फुलवारी का सहायक लीडर ट्रेनर कोर्स के लिए चयन हुआ। उन्होंने बताया कि भारत स्काउट व गाइड के राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र पंचमढ़ी, मध्यप्रदेश में दिनांक 10 से 16 जुलाई तक आयोजित सात दिवसीय सहायक लीडर ट्रेनर प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगे ।

इस शिविर में देश के विभिन्न राज्यों के लगभग 50 स्काउटर भाग लेगे।बहुत ही गौरव का विषय है कि राजस्थान से कुल पांच स्काउटर का इस कोर्स के लिए चयन हुआ है जिसमें सुरेश चन्द फुलवारी ब्यावर जिले प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस अवसर पर सहायक स्टेट कमिश्नर विमल चौहान, स्थानीय संघ ब्यावर के सचिव मोहन सिंह चौहान,लीडर ट्रेनर विनोद मेहरा,पूर्व सचिव ब्यावर बाबुद्दीन काठात,पूर्व सचिव जवाजा रामचन्द्र शर्मा,रतन सिंह चौहान,मुरली मनोहर जाटव,बलराज सिंह राठौड़, रामकिशोर सालोदिया,सुमित फौजदार,बनवारी लाल बैरवा, महेंद्र कुमार,विष्णु गोयल,विशाल दीप उदय, नरेन्द्र सिंह रावत,मनीष जनागल,चंपालाल सोलंकी,बनवारी लाल बैरवा,मनोहर लाल सोलंकी, गजानंद सेन,पूनम चौधरी,धीरज सोलंकी,रूपकला शर्मा,विद्या,विजय श्री ,मधुमति,राधा चौहान आदि ने शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल का स्वागत

भीलवाड़ा। राजस्थान के महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किशन राव बागड़े का व केंद्रीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आज सांसद दामोदर अग्रवाल के निवास पर स्वागत अभिनंदन किया।

साँसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किशन राव बागड़े व केबिनेट मंत्री कैलाश जी विजयवर्गीय का साँसद दामोदर अग्रवाल के निवास पर पुष्प गुच्छ, भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर अभिवादन किया।

इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने भी महामहिम राज्यपाल व केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा,चितोड़ शहर विधायक चन्द्रभान सिंह आँकया विधायक अशोक कोठारी, गोपाल खंडेलवाल, महापौर राकेश पाठक, नंदलाल गुर्जर, कल्पेश चौधरी, रूपलाल जाट, प्रेम स्वरूपगर्ग,लादू लाल तेली,संजय धाकड़ अनील अग्रवाल, राकेश कसेरा,आरती कोगटा रामानुज सारस्वत,आदि मौजुद रहे।

12 तैराकों का राज्य स्तर पर चयन

भीलवाड़ा। जिले के लिए गर्व की बात है कि आगामी राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए स्वामी विवेकानंद तरणताल पर प्रशिक्षणरत 12 प्रतिभाशाली तैराकों का चयन किया गया है। इन तैराकों का चयन जिला तैराकी संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। जानकारी देते हुए जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत में बताया कि चयनित तैराक अब विजया राजे सिंधिया तरणताल कोटा में 12 से 14 जुलाई तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर तैराकी प्रतियोगिता आयोजित कि।

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कविता देवी पत्नी ओम वीर सिंह निवासी भंगोत्री खुर्द, झुंझुनू राजस्व ग्राम किरानीपुरा के खसरा संख्या 25 वर्किंग व नया 18, प्लाट नंबर 153, क्षेत्रफल 315.95 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जावेगी।- उपायुक्त उत्तर, अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/124633
DATE :- 18.03.2025 रजि. बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /4844 दिनांक 08/07/2025

सार्वजनिक सूचना

श्री बबलू सिंह पुत्र श्री भंवर सिंह निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 5 जवाहर कॉलोनी नया नगर खसरा नं. 2071 प्लाट नं. 11 क्षेत्रफल 183.33 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री धनराज कोठारी पुत्र श्री सुखराज जी जैन के नाम पट्टा विलेख जारी है। तत्पश्चात रजि. बेचान-नामा दिनांक 26.07.2024, 05.06.2024, 29.07.2024, 08.04.2025 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी। -आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांक : न.नि.अ/भवन/25-26/153 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 08/07/2025

श्री मनोज कुमार सैन पुत्र श्री मोहन लाल सैन निवासी 813/41 मोहन विला हनुमान नगर अजमेर द्वारा एक भूखण्ड ए.एम.सी. नं. 127/24 है जो वाकै बाबू मौहल्ला केसरगंज अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 110.13 व.मी. है।भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन प्रस्तुत किया है।प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार है।

पूर्व : उदय भवन पश्चिम : अन्य की सम्पति
उत्तर : अन्य की सम्पति दक्षिण : आम रास्ता 30 फीट चौड़ा है

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 618 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-7.7.25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 3/82, पंचशील अजमेर में श्रीमती अनुराधा सक्सैना पत्नि श्री गौरव सक्सैना को आवंटित कर दिनांक 29.09.2009 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्रीमती अनुराधा सक्सैना पत्नि श्री गौरव सक्सैना द्वारा दिनांक 07.12.2010 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया है। श्रीमती अनुराधा सक्सैना पत्नि श्री गौरव सक्सैना ने आवास का बैचान श्री सुनील कुमार चतुर्वेदी पुत्र श्री राम कुमार चतुर्वेदी को दिनांक 18.10.2012 को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्री सुनील कुमार चतुर्वेदी पुत्र श्री राम कुमार चतुर्वेदी के पक्ष में दिनांक 31.03.2023 को नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्री सुनील कुमार चतुर्वेदी पुत्र श्री राम कुमार चतुर्वेदी द्वारा आवास का बैचान श्री हरेश मनवानी पुत्र श्री घनश्याम दास को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्री हरेश मनवानी पुत्र श्री घनश्याम दास के पक्ष में दिनांक 03.07.2024 को नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। पुनः श्री हरेश मनवानी पुत्र श्री घनश्याम दास द्वारा आवास का बैचान श्री शाश्वत सोनी पुत्र श्री राजेश कुमार सोनी को दिनांक 03.07.2024 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 914 में पृष्ठ संख्या 178 क्रम संख्या 202403002107241 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 3656 के पृष्ठ संख्या 559 से 569 पर दिनांक 03.07.2024 को चस्पा किया गया। अब श्री शाश्वत सोनी पुत्र श्री राजेश कुमार सोनी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनुल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री शाश्वत सोनी पुत्र श्री राजेश कुमार सोनी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज़ के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। -सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

न.प. कि / कृषि भूमि नियमन /2025/969 **लोक सूचना** दिनांक : 07/07/2025

आवेदक प्रज्ञा शर्मा पत्नि बसन्त जाति ब्राह्मण निवासी जयपुर के द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित कृषि भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ गैर कृषिक प्रयोजनार्थ उपयोग परिवर्तन हेतु इसे भूमि के अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन किया है, अर्थात

क्र. सं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं	क्षेत्रफल रकबा / भूखण्ड संख्या	प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन
1.	श्री प्रज्ञा शर्मा पत्नी बसन्त निवासी जयपुर	किशनगढ 1556/482	कुल क्षेत्रफल 0.3723 हैक्टेयर	आवासीय

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञान प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के अधोहस्ताक्षकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मोहर के अधीन आज 7-7-25 को जारी कि गई है। आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़।

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार

निविदा सूचना

उपयोगकर्ता अनुकूल डिजिटल रिपोजिटरी और वेब-कम-मोबाइल एप्लीकेशन के साथ डिजिटल डाटा भंडारण के लिए व्यापक समाधान के लिए आरएफपी, साथ ही कार्य के दायरे में निर्दिष्ट अन्य कार्य। निविदा दस्तावेज संस्कृति मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट indiaculture.gov.in और वेंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टलः eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड किए जा सकते हैं। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28 जुलाई 2025 है।
CBC 09101/11/0009/2526

कार्यालय ग्राम पंचायत दादिया पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांक : ग्रा.प.दा /2025-26/64 ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26 दिनांक :04.07.2025

ग्राम पंचायत दादिया के द्वारा वित्तिय वर्ष 2025-26 में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एंव अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित कार्यों के लिए निर्माण सामग्री (यथा ग्रेवल, क्रेरी, रबिश, ईट प्रथम श्रेणी, पत्थर, रेत/बजरी, केशर, ब्रोकन, गिटटी, सीमेन्ट, चूना, पटिटया, वाईडिग वायर, चिनाई खरंचा पत्थर, लोहे के दरवाजे एंव खिडकिया, एनेमल पेंट आदि सामग्री, पानी टेंकर सप्लाई एंव किराये पर सीमेन्ट कंकरीट मिक्सर, रोड रोलर, सीमेन्ट कांकरिट इन्टरलॉकिग ब्लॉक आदि) की वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं हेतु पोर्टल वेब http:www.sppp.rajasthan.gov.in/http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

क्र. सं.	ग्राम पंचायत	NIB NO	UBN NO	TENDER Id
	दादिया	ZAJ2526A0814	ZAJ2526GLRC00890	2025_PRD_486003_1

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत दादिया,
पं.स.अरांई, जिला अजमेर

प्रशासक
ग्राम पंचायत दादिया
पं.स.अरांई, जिला अजमेर


संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार
महान राष्ट्रवादी चिंतक, भारत की एकता और प्रगति के लिए समर्पित माँ भारती के सच्चे सपूत
भारत केसरी
डॉ. श्याम